आर एम जी बी
RMGB

कार्यालय प्रशासन विभाग
OFFICE ADMINISTRATION DEPARTMENT

दीवार कैलेण्डर्स – 2020 का मुद्रण – निविदा आमंत्रण

विषयान्तर्गत वर्ष 2020 के लिए अधिकतम **1,00,000 कैलेण्डर्स** का तत्काल मुद्रण करवाया जाना प्रस्तावित हैं। निविदा की शर्तें निम्नानुसार है :–

1. पेपर साईज – 42 X 28 सेन्टीमीटर
2. पेपर क्वालिटि – 115 GSM आर्ट पेपर(सीनारमास)
3. पेपर संख्या – 6 + 1 = 7 (सात) कैलेण्डर 6 पन्नों का होगा तथा कवर पेपर अलग से होगा। प्रत्येक पन्ना आगे–पीछे दोनो तरफ बहुरंगों में छपेगा। प्रत्येक पेज पर बैंक का नाम, लोगो, माहवार दिनांक, वार अंग्रेजी, हिन्दी में दिनांक ईषवी, विक्रम संवत, शक संवत, अग्रेजी माह की तिथियों के साथ छोटे अक्षरों के विक्रम संवत के माह, तिथियां आदि का उल्लेख भी करना होगा अन्य सूचनाएँ त्यौहार, राष्ट्रीय त्यौहार, प्रमुख जन्म तिथियां तथा बैंक के अवकाश के दिनों व तिथियों को अलग रंग में दर्शाने होंगे तथा नीचे विगत माह व आगामी माह की तारीखों का छोटा कैलेण्डर व इनके बीच में बैंक की विभिन्न योजनाओं इत्यादि का मुद्रण करना होगा। बतौर नमूना बैंक के गत वर्ष के कैलेण्डर का अवलोकन किया जा सकता हैं।
4. पेपर प्रिन्टिंग – बहुरंगीय (दोनो ओर)।
5. कलेन्डर टांगने के लिये उपर अच्छे किस्म की लोहे की पत्ती पर डोरी लगी होगी एवं बीच में छेद हो। लोहे की पत्ती आगे व पीछे से धारदार नही हो व उचित रूप से मोल्डेड हो साथ ही डोरी अच्छे किस्म की एवं मजबूत हो जो थोड़ा सा दबाव पड़ने पर टूटे नही।
6. कैलेण्डर मुद्रण आदेश के 15 दिनो के भीतर–भीतर छापकर देने होगे, देरी की दशा में 2 प्रतिशत प्रति सप्ताह या उसके भाग पर कटौति की जा सकती है।
7. 50–50 कैलेन्डरो के बन्डल बनाकर देने होंगें, जिसकी आपूर्ति बैंक के प्रधान कार्यालय, जोधपुर पर डोर डिलीवरी (FOR जोधपुर) करनी होगी।
8. निविदा दिनांक **25.11.2019** को सांय 4.00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहियें। निविदा प्रारूप के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता अपने फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी प्रकार की कॉट छॉट भी मोहर व हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।
9. आपूर्तिकर्ता द्वारा नमूने के रूप में एक बहुरंगीय मुद्रित कलेण्डर(चालू वर्ष अथवा विगत वर्ष का) आवष्यक रूप से संलग्न करें, जिसमें आपूर्तिकर्ता की प्रिन्टिंग इत्यादि की क्वालिटि स्पष्ट रूप प्रदर्षित हो। यहॉ हम आपको स्पष्ट करना चाहेंगे कि **प्रिन्टिंग इत्यादि की क्वालिटि के तकनिकी रूप से उचित पाये जाने पर ही आपूर्तिकर्ता को न्यूनतम निविदा दर के निर्धारण हेतु सम्मिलित किया जायेगा।**
10. नियमानुसार स्त्रोत पर आय कर की कटौति की जायेगी।
11. इस संबंध में न्यायिक क्षेत्र जोधपुर होगा।
12. निविदा के लिफाफे पर **"कैलेण्डर – 2020 मुद्रण हेतु निविदा"** अंकित होना आवश्यक हैं। विलम्ब से प्राप्त निविदायें या खुली निविदायें विचार योग्य नही होगी। बैंक को बिना कारण बताएं, किसी भी निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार होगा। निविदा **पंजीकृत पत्र/कोरियर डाक** द्वारा ही प्रेषित की जाये।

निविदा के सम्बन्ध में आपको किसी भी प्रकार की कठिनाई/शंका होने पर या इस सम्बन्ध में किसी अन्य जानकारी की आवश्यकता होने पर हमारे कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

भवदीय

मुख्य प्रबन्धक, (कार्यालय प्रशासन विभाग)